राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 183/2023

राज्यपाल ने सम्पूर्ण क्रांति दिवस के अवसर पर लोकनायक जय प्रकाश नारायण को नमन किया

पटना, 05 जून, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने सम्पूर्ण क्रांति दिवस के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में गाँधी मैदान, पटना के दक्षिण–पश्चिम छोर पर स्थित लोकनायक स्व० जय प्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, अन्य मंत्रीगण एवं गणमान्य लोगों ने भी लोकनायक स्व० जय प्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन किया गया तथा भजन एवं गीत प्रस्तुत किये गये। बिहार गीत की भी प्रस्तुति हुई।

....